## स्पीड न्यूज

### विजय वर्मा बने आयुक्त के सचिव



मेदिनीनगर। विजय वर्मा (झाप्रसे) बुधवार को आयुक्त के सचिव, पलामू प्रमंडल, मेदिनीनगर के पद पर पदभार ग्रहण किया। वे आयुक्त के तत्कालीन सचिव अरविन्द कुमार से पदभार ग्रहण किया। बिजय वर्मा इसके पूर्व उप सचिव, स्वास्थ्य, चिकित्सा, शिक्षा एवं परिवार कल्याण विभाग, झारखंड, रांची के पद पर पदस्थापित थे। विदित हो कि आयुक्त के तत्कालीन सचिव पलामू प्रमंडल, मेदिनीनगर के पद पर पदस्थापित अरविन्द कुमार को स्थानांतरित करते हुए अगले आदेश तक अपर समाहर्ता, चतरा के पद पर पदस्थापित किया गया है।

### पलामू में चलित नेत्र जांच वाहन की शुरूआत की गयी है : सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार



मेदिनीनगर। पलामू जिले के सभी प्रखंड, पंचायत के सुदूरवर्ती ग्रामीण क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य सुविधा मुहैया कराने के लिए स्वास्थ्य विभाग प्रयत्नशील है। लोग अपनी लाचारी या विवशता के कारण अपनी आंखों की जांच कराने या चर्म रोग से संबंधित रोग का इलाज कराने के लिए जिला स्तर पर आने के लिए सक्षम नहीं हो पाते हैं। लोगों की इस समस्या को दूर करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने जिला खनिज फाउंडेशन ट्रस्ट के माध्यम से दो चलित नेत्र जांच वाहन चलाने की योजना बनाई है। उक्त बात की जानकारी प्रेस वार्ता में सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार ने दिया। उन्होंने कहा कि इन दोनो वाहनों का रवाना उपायुक्त शशिरंजन द्वारा किया गया। उन्होंने नेत्र जांच वाहन की विशेषता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आंख के हर प्रकार की जांच इस वाहन में उपलब्ध है। लोग अपनी आंखों की जांच कराकर चश्मा प्राप्त कर सकते हैं। यह सेवा पूरी तरह से नि:शुल्क है। इस मौके पर चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ उदय कुमार ने बताया कि इस नेत्र जांच वाहन में नेत्र जांच के साथ चर्म रोग की जांच भी की जायेगी। इस वाहन में चर्म रोग जैसे सफेद दाग खाज खुजली एक्जिमा दिनाय एवं कुष्ठ रोग के अलावे अन्य चर्म रोगों की भी जांच की जायेगी।

### महापुरुषों को जातिगत चश्मे से देखना गलत : अविनाश वर्मा



मेदिनीनगर। दायित्व ट्रस्ट के कार्यालय में देश के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद की 61वीं पुण्यतिथि पर ट्रस्ट के चेयरमैन अविनाश कुमार वर्मा ने उनकी तस्वीर पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि देकर नमन किया। मौके पर वर्मा ने कहा कि महापुरूषों को जातिगत चश्में से देखना गलत है। उन्होंने कहा कि प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्र प्रसाद आज ही के दिन 1963 में इस दुनिया से विदा हुए थे जो निश्चित तौर पर दुखदाई क्षण होगा। आज देशवासी देश के प्रथम राष्ट्रपति की जयंती और पुण्यतिथि पर कार्यक्रम करना तो दूर उन्हें शासन प्रशासन और सरकारी स्तर पर याद भी नहीं किया जाता। सरकारी स्तर पर सार्वजनिक छुट्टी ना करना, बड़े आयोजनों का ना होना और ना हीं स्थानीय प्रशासन द्वारा कुछ अपवादों को छोड़कर महापुरुषों के प्रति उदासीनता का परिचायक है।

### आमजनों के सपने को पूरा करनेवाला है बजट : राजेंद्र सिन्हा



मेदिनीनगर। झामुमो जिलाध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा ने कहा कि झारखंड सरकार की बजट गरीबों, किसानों, छात्रों, महिलाओं सभी के सपनों को पूरा करने वाली बजट है। उन्होंने 1,28,900 करोड़ का बजट पेश करने के लिए वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव को हार्दिक बधाई दी है। झामुमो की सरकार ने झारखंड का सर्वांगीण विकास किया है, और आगे भी करेगी। खेतों को पाइपलाइन से पानी मिलेगा, एक नए मेडिकल कॉलेज खुलने से भी झारखंड को बहुत फायदा होगा। किसानों की ऋण माफी करने से किसानों को भी एक नई ऊर्जा मिलेगी। केंद्र की सरकार ने जहां बजट के नाम पर सिर्फ जुमला पेश किया था, वहां हमारी झारखंड की सरकार ने झारखंडियों को सिर्फ तोहफा दिया है। आज सभी वर्ग के लोग इस बजट से लाभान्वित होंगे।

### डीसी का डीएमओ को सख्त निर्देश, कहा आवश्यकतानुसार ड्रोन से करें निगरानी



मेदिनीनगर। जिले के उपायुक्त शशि रंजन ने जिले में पूर्ण रूप से अवैध खनन को रोकने को लेकर खनन पदाधिकारी को सख्त निर्देश दिए हैं। इसी कड़ी में खनन पदाधिकारी आनंद कुमार,अपर समाहर्ता कुंदन कुमार व छत्तरपुर एसडीएम बुधवार को छत्तरपुर अनुमंडल क्षेत्र में संचालित क्रशरों का रैंडमली औचक रूप से जांच किया। इस दौरान सभी पदाधिकारियों ने क्रशर संचालकों को क्रशर संचालन को लेकर बनाए गए नियमों के तहत ही क्रशर का संचालन करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि तय क्षेत्र में ही क्रशर का संचालन हो,अन्यथा क्रशर को सील करने की कार्रवाई की जाएगी। जांच के क्रम में डीएमओ ने विभागीय स्तर पर बंद कराए गए क्रशरों का भी सत्यापन किया,वहीं प्लांट में स्टॉक,चिप्स आदि की जांच की गयी।

**अवैध खनन करने वालों को चिन्हित करते हुए प्राथमिकी दर्ज कर, जेल भेजना सुनिश्चित करें : उपायुक्त**

जिले के उपायुक्त ने खनन पदाधिकारी आनंद कुमार को सख्त निर्देश दिया है कि अगर कहीं भी कोई भी अवैध खनन करता पाया जाता है तो ऐसों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करते हुए उन्हें जेल भेजने की कार्रवाई करें। उन्होंने आवश्यकतानुसार ड्रोन से निगरानी करने के निर्देश दिये।

### पांडू थाना प्रभारी ने प्रखंड के प्रतिनिधियों और ग्रामीणों के साथ की बैठक



पांडू पलामू। पांडू प्रखंड में नव पदस्थापित पांडू थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने पांडू प्रखंड के प्रतिनिधियों और आम लोगो की एक बैठक आयोजित की। पांडू प्रखंड के बारे जानकारी साझा किए। उन्होंने सभी से परिचय भी प्राप्त किये। बैठक में थाना प्रभारी कुमार सौरभ ने कहा कि पुलिस प्रशासन प्रेस और जनता एक दूसरे के पूरक हैं। हम सभी को आपसी सहयोग से क्षेत्र में अमन चैन स्थापित करना है। यह मेरा प्राथमिकता है। जिसमे आप सभी का सहयोग जरूरी है। मौके पर पांडू जिला परिसद सदस्य प्रतिनिधि भाई गोबिंद सिंह, सुनील पांडेय, मुखिया मदन राम, डाला कलां पंचायत मुखिया रामबाबू यादव, रामबेलास सिंह, मुखिया पूनम देवी, जवाहर पासवान, बिफन मेहता, सतीश, मल्लू राम बरूण बैठा अजय बैठा, देवेंद्र प्रसाद, राजेश बैठा आदि उपस्थित थे।

### पुलिस ने अवैध शराब भट्ठी को ध्वस्त किया



हरिहरगंज पलामू। थाना क्षेत्र के भांवर गांव के समीप नहर किनारे चल रहे अवैध शराब भट्ठी को पुलिस ने बुधवार को ध्वस्त कर दिया। अभियान का नेतृत्व कर रहे पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी चंदन कुमार ने बताया कि अवैध भट्ठी से 15 प्लास्टिक के ड्रम में करीब 5 क्विंटल जावा महुआ के साथ ही करीब दो सौ लीटर निर्मित शराब बरामद किया गया। जावा महुआ, निर्मित शराब एंव शराब बनाने के कई उपकरण को भी नष्ट कर दिया गया है। हालांकि पुलिस को देखते ही धंधेबाज भागने में सफल रहे। उन्होंने कहा कि आगामी लोकसभा चुनाव को देखते हुए यह अभियान चलाया जा रहा है। चोरी छिपे चल रहे अवैध शराब भट्ठी और धंधेबाजों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगी। इस अभियान में एएसआइ संजय कुमार सिंह, मंटू कुमार सहित पुलिस बल के कई जवान शामिल थे।

# भाजपा एक ऐसी राजनीतिक पार्टी है जो विकसित भारत की परिकल्पना करती है : सांसद बीडी राम

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** सांसद विष्णु दयाल राम ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एकमात्र ऐसी राजनीतिक पार्टी है, जो विकसित भारत की परिकल्पना करती है। उन्होंने भाजपा जिला कार्यालय में प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए कहा कि परिकल्पना के आधार पर भाजपा विकसित भारत मोदी की गारंटी संकल्प पत्र सुझाव अभियान का शुभारंभ किया गया है। जिसका उद्देश्य जन-जन की आकांक्षाओं को सीधा मोदी तक पहुंचना है। उन्होंने कहा कि इस अभियान के अंतर्गत पार्टी लोकसभा चुनाव 2024 के घोषणा पत्र के लिए एक करोड़ से अधिक लोगों के सुझावों एवं उनकी आकांक्षा और विचारों को जानने का लक्ष्य रखा है। भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा द्वारा मीडिया कार्यक्रम के माध्यम से अभियान का शुरूआत किया गया। इस अभियान में सुझाव एकत्रित करने के लिए सुझाव पेटी एवं मिस कॉल मोबाइल नंबर 9090902024 पर या नमो ऐप के माध्यम से लोग दे सकते हैं। सांसद राम ने कहा कि जन-जन के सुझाव एकत्रित करने के लिए जनजागरूकता लाने के लिए पार्टी द्वारा देशस्तर पर 500 एलईडी प्रचार वाहन को रवाना किया गया है। मोदी सरकार के विकास का संदेश गांव स्तर पर पहुंचाया जायेगा साथ ही लोगों के सुझाव की भी एकत्रित किये जायेंगे। उन्होंने कहा कि लोकसभा क्षेत्र के प्रत्येक विधानसभा में सुझाव पेटियां लगाई जाएगी। जिसमें लोग अपने सुझाव डालेंगे। बैठक कर सुझाव एकत्रित किए जाएंगे। पार्टी के सभी कार्यकर्ता द्वारा 10 लाख बूथों पर जनसंपर्क अभियान चलाया जायेगा।

मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष अमित तिवारी ने कहा कि पलामू संसदीय क्षेत्र के अलावे पलामू जिला में चतरा लोकसभा क्षेत्र का कुछ हिस्सा पड़ता है। इन क्षेत्रों में भी यह कार्यक्रम चलाया जायेगा। ताकि पूरा जिला को पार्टी द्वारा कवर किया जायेगा। प्रेस वार्ता में पूर्व जिला अध्यक्ष परशुराम ओझा, प्रेम सिंह, विनोद सिंह, उदय दुबे, अभिमन्यु तिवारी, मंगल सिंह, धर्मेंद्र उपाध्याय, विजय ठाकुर, सुरेंद्र विश्वकर्मा, ईश्वरी पांडेय सहित कई भाजपा नेता उपस्थित थे।

# पांकी विधायक ने विधानसभा में जल जीवन मिशन योजना पर कार्यस्थगन का मामला उठाया

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** विधानसभा सत्र में पांकी विधायक डॉ शशिभूषण मेहता ने अपने विधानसभा क्षेत्र में जल जीवन मिशन योजना के तहत पेयजलापूर्ति योजना में संबंधित पदाधिकारियों के संरक्षण में संवेदकों के द्वारा घोर अनियमितता बरती जा रही है। इसमें सरकारी राशि व्यय हो रहा है लेकिन आम जनता को इसका लाभ मिलना संभव नहीं लगता है। बिना वाटर डिस्चार्ज की जांच किये योजनाओं को पूर्ण दिखाया गया है। इसमें अधिकांश योजनाएं प्रारंभ से ही फेल हो चुकी है। संवेदकों के द्वारा घटिया कार्य किये जाने का मामला प्रकाश में आया है। वहीं मेहता ने पथ निर्माण विभाग से सवाल पूछते हुए कहा कि क्या मेदिनीनगर से पांकी हरदी पुल होते हुए चतरा जिले के बगरा मोड़ तक एडीबी थ्री के तहत योजना प्रस्तावित है। उन्होंने कहा कि पथ निर्माण हो जाने से मेदिनीनगर व चतरा की दूरी कम होगी। साथ ही पांकी विधानसभा क्षेत्र सहित पलामू जिले का आर्थिक विकास होने की संभावना प्रबल है। इस सवाल के जवाब में कहा गया कि यह योजना वाह्य संपोषित योजना के अंतर्गत प्रस्ताव गठन तथा उसकी रूप रेखा अभी प्रारंभिक अवस्था में है। उन्होंने सवाल पूछते हुए कहा कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार द्वारा दो महत्वपूर्ण राष्ट्रीय राजमार्गों को जोड़ने के लिए नई सड़क परियोजना का निर्माण कर संबंधित क्षेत्रों को आर्थिक व पयर्टन कोरिडोर के रूप में विकसित करने की योजना है। क्या लातेहार जिला के मनिका प्रखंड के बकोरिया एनएच 75 से पलामू जिला के पांकी के माड़न, सुरजवन से भाया तरहसी, मनातू में एकराहा होते हुए शेरघाटी बिहार में एनएच 2 जीटी रोड तक पथ निर्माण कर जोड़ने से क्षेत्रों का विकास किया जा सकता है। इसके जवाब में कहा गया कि कोरिडोर के लिए संभावता का अध्ययन एक प्रारंभिक प्रक्रिया की अवस्था में है। कोरिडोर की रूप रेखा विचाराधीन है।

# डीसी ने इवीएम के रख रखाव का किया निरीक्षण

खबर मन्त्र संवाददाता



**मेदिनीनगर।** आगामी लोकसभा चुनाव की तैयारी को लेकर जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि रंजन ने मतगणना केंद्र बजरगृह एवं डिस्पैच केंद्र निर्धारण हेतु स्थानीय कृषि उत्पादन बाजार समिति बैरिया और गणेश लाल अग्रवाल महाविद्यालय मेदिनीनगर का निरीक्षण किया।

उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान स्ट्रांग रूम में इवीएम के रख रखाव की व्यवस्था, काउंटिंग कक्ष, पोलिंग पार्टी रूट, पार्किंग सहित अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। मतगणना केंद्र का निरीक्षण के क्रम में उन्होंने सीसीटीवी कैमरा, पंडाल, स्ट्रांग रूम, पार्किंग व्यवस्था, पेयजल व्यवस्था, सुरक्षा कर्मियों, चुनाव में तैनात कर्मियों के लिए भोजन की व्यवस्था, शौचालय आदि की व्यवस्था दुरुस्त करने का निर्देश संबंधित पदाधिकारी को दिया। इस दौरान उपायुक्त शशि रंजन ने जीएलए कॉलेज मेदिनीनगर में संचालित परीक्षा का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के क्रम में जिला निर्वाचन पदाधिकारी शशि रंजन के अलावे डीडीसी रवि आंनद, उप निर्वाचन पदाधिकारी प्रीति किस्कु, भवन निर्माण के कनिय अभियंता सहित अन्य कर्मी मौजूद थे।

# डालटनगंज विधायक आलोक ने विधानसभा में मलय डैम तट पर सुलभ व्यवस्था करने का मामला उठाया

**मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बताया है कि सतबरवा प्रखंड अंतर्गत स्थित मलय डैम श्रेणी सी का पर्यटन स्थल अधिसूचित है**

खबर मन्त्र संवाददाता



**सतबरवा पलामू।** डालटनगंज-भंडरिया विधायक आलोक कुमार चौरसिया ने विधानसभा में बजट सत्र के दौरान सतबरवा प्रखंड स्थित मलय डैम के तट पर पर्यटकों के लिए सुलभ व्यवस्था उपलब्ध कराने का मामला उठाया है।

विधायक चौरसिया ने तारांकित प्रश्न के दौरान पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग के मंत्री से प्रश्न पूछा है कि सतबरवा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मलय डैम के तट पर पर्यटकों के सुलभ व्यवस्था के लिए क्या किया जा रहे है। वहीं चौरसिया ने बताया कि प्रश्न के जवाब में विभागीय मंत्री ने मामले को गंभीरता से लेते हुए बताया है कि सतबरवा प्रखंड अंतर्गत स्थित मलय डैम श्रेणी सी का पर्यटन स्थल अधिसूचित है। वर्तमान में जल कीड़ा तथा साहसिक कीड़ा से संबंधित उपकरणों की आपूर्ति दी गई है तथा स्थानीय युवाओं को संचालन से संबंधित प्रशिक्षण भी दिया जा चुका है। मंत्री ने आगे कहा है कि मलय डैम के तट पर पर्यटकों को सुलभ व्यवस्था हेतु पलामू डीसी से संबंधित प्रस्ताव एवं प्राक्कलन प्राप्त कराते हुए विभाग को उपलब्ध कराने हेतु निर्देशित किया गया है।इस प्रश्न के पूछे जाने पर सतबरवा प्रखंड के लोगों में काफी हर्ष है। इस कार्य के लिए विधायक प्रतिनिधि राणा प्रताप कुशवाहा, आशीष कुमार सिन्हा, अजय सोनी, मनोज सिंह, रविंद्र सिंह, अरविंद सिंह, गुड्डू सिंह समेत कई लोगों ने विधायक आलोक चौरसिया के प्रति आभार प्रकट किया है। लोगों ने बताया कि मलय डैम पलामू प्रमंडल ही नहीं बल्कि झारखंड के उभरता हुआ पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो रहा है जिसके मनोरम दृश्य देखने तथा नौका विहार के आनंद लेने के लिए पलामू प्रमंडल के अलावा अन्य जगहों से सैलानियों का आना-जाना लगा रहता है। पर्यटन स्थल के रूप में विकसित हो जाने से स्थानीय लोगों को रोजगार भी उपलब्ध हो सकेगा।

## ग्रामीणों ने रैयती भूमि में संवेदक द्वारा जबरन सड़क बनाने का लगाया आरोप

**उपायुक्त को सौंपा ज्ञापन**

खबर मन्त्र संवाददाता

**मेदिनीनगर।** चैनपुर प्रखण्ड के महुगावां के ग्रामीणों ने उपायुक्त को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन में ग्रामीणों ने उपायुक्त को बताया कि उनके रैयती जमीन में एन आर ई पी विभाग की योजना से गांव के रैयती भूमि में शंभुनाथ कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड के विजय शुक्ला के द्वारा बाजबरन फिर से काम शुरू कराया जा रहा है।

पूर्व में भी रैयतो द्वारा उपायुक्त, उपविकास आयुक्त,सीओ को आवेदन देकर जांच कर कार्रवाई की मांग की गई थी जिसके बाद एन आर ई पी विभाग द्वारा संवेदक को नोटिस देकर काम को तत्काल बंद करने का निर्देश दिया गया था। कुछ दिनों तक संवेदक द्वारा काम बंद भी करा दिया गया था लेकिन अचानक चार दिन पहले संवेदक द्वारा पुनः काम शुरू किया जा रहा है।

रैयतो ने उपायुक्त से काम को तत्काल बंद कराकर मामले की जांच कराकर उचित कार्रवाई करने की मांग की गई है। रैयतो ने उपायुक्त को ज्ञापन के माध्यम से बताया है कि संवेदक द्वारा धमकी भी दी जा रही है। ज्ञापन सौंपने वालों में धर्मदेव तिवारी, दिलीप कुमार तिवारी, विमलेश तिवारी, चंदन तिवारी, इंदेश तिवारी के नाम शामिल हैं।

## उपायुक्त की अनोखी पहल, दो आई ऑन व्हील्स एम्बुलेंस को किया रवाना

मेदिनीनगर। जिले के उपायुक्त शशि रंजन व सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह ने बुधवार को हरी झंडी दिखाकर दो एम्बुलेंस आई ऑन व्हील्स को रवाना किया। इन दो एम्बुलेंस के माध्यम से प्रथम चरण में जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के सभी बच्चियों के आंखों का परीक्षण व त्वचा जांच निशुल्क किया जायेगा। इस दौरान आवश्यकता के अनुरूप बच्चियों को पावर चश्मा,दवाईयां व अन्य जरूरी उपकरण का वितरण किया जायेगा। जिले के सभी कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय के बच्चियों के जांच के बाद अन्य सभी सरकारी स्कूल के स्टूडेंट्स का जांच किया जायेगा इसके बाद पीवीटीजी समूह को लक्षित कर उनका जांच किया जायेगा।

बॉक्स

पोर्टेबल आंख का हॉस्टिपल है यह एम्बुलेंस,सभी इक्विपमेंट्स से है लैस : उपायुक्त

इस अवसर पर उपायुक्त श्री रंजन ने कहा कि यह दो एम्बुलेंस पोर्टेबल आंख के हॉस्पिटल के रूप में कार्य करेगा। इस एम्बुलेंस में सभी आवश्यक उपकरण के साथ कहीं हॉल्ट करने हेतु टेंट लगाने की भी सुविधा है। इसके अलावे आंख का डॉक्टर व स्किन के डॉक्टर भी रहेंगे व इनके साथ दो हेल्पर की भी तैनाती की गयी है। इस जांच के दौरान अगर किसी को मोतियाबंद पाया जाता तो आयुषमान योजना के तहत उनका निःशुल्क इलाज किया जायेगा। मौके पर सिविल सर्जन डॉ अनिल कुमार सिंह,हेल्थ के डीपीएम दीपक समेत अन्य उपस्थित थे।

### लाभार्थी संपर्क अभियान चला मोदी सरकार के कार्यों को बतायेंगे भाजपा कार्यकर्ता, मांगेगे वोट



चैनपुर पलामू। चैनपुर प्रखंड में भारतीय जनता पार्टी चैनपुर मंडल के पंचायत भवन में लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला मंडल अध्यक्ष शशि भूषण पांडेय की अध्यक्षता में किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य अतिथि जिला मंत्री सह चैनपुर मंडल प्रभारी धीरेंद्र कुमार दुबे एवं सांसद जिला समन्वयक आनंद सिंह उपस्थित थे। कार्यक्रम को मंडल अध्यक्ष द्वारा विस्तार से शक्ति केंद्र के संयोजक सह संयोजक एवं मंडल में निवास करने वाले सभी प्रमुख कार्यकर्ता से कार्यशाला के बारे में चर्चा किया गया। चर्चा करते हुए यह अभियान लाभार्थी वर्ग के घर-घर जाकर प्रधानमंत्री जी के 10 साल के कार्यकाल के अंतर्गत जितने भी लाभुक वर्ग गांव में निवास करते हैं भारतीय जनता पार्टी के प्रत्येक कार्यकर्ता जनता से संपर्क कर स्थापित कर फीडबैक लेंगे एवं घर-घर जाकर मोदी जी के चित्र का स्टिकर चिपकाएंगे और उनसे मिस कॉल करेंगे तथा अपनी केंद्र सरकार की उपलब्धि का जनता तक संवाद करेंगे सभी कार्यक्रम का सरल ऐप पर चित्र अपलोड करेंगे बुथ नंबर देकर तथा जिला प्रभारी धीरेंद्र दुबे जी कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए मोदी जी का नमस्कार जनता तक पहुंचाएंगे तथा हमारे पास जनता के पास जनता के लिए किया गया। कार्य घर-घर तक याद कराना परम कर्तव्य है तभी अपने प्रधानमंत्री की सपना भारत को विश्व गुरु एवं परम वैभव तक पहुंचाने का किया जा सकता है। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से महामंत्री मनीष पांडेय किसान मोर्चा अध्यक्ष मनोज दास एससी मोर्चा अध्यक्ष विनोद बैठा मंडल के पदाधिकारी सुरेश चौधरी मनोज मेहता सुधीर प्रजापति बैजनाथ शर्मा सुजीत पासवान दीनानाथ माझी धीरज गुप्ता लॉलेस प्रजापति लालबाबू महेंद्र सिंह सरवन चौधरी रामलाल प्रसाद मनोज राम जोगिंदर राम सिकंदर उरांव गोरख सिंह लाल यादव ईश्वरी प्रसाद अरविंद सिंह नजरुल अंसारी धर्म देव सिंह केदार पासी प्रजापति एवं अधिक संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थें। धन्यवाद ज्ञापन करते हुए महामंत्री मनीष पाण्डेय ने कहा आप कार्यकर्ताओ के भरोसे प्रधानमंत्री का विश्वास अबकी बार चार सौ पार को चुनौती के रुप मे लेना है। इस विश्वास को हम सभी कार्यकर्ता एक एक लाभुक तक पहुंच कर पुरा करेंगे।

### किशुनपुर स्वास्थ्य केंद्र में चिकित्सक नहीं रहने से स्वास्थ्य सुविधा प्रभावित



पाटन पलामू। पाटन प्रखंड के किशुनपुर स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर के नहीं रहने से किशुनपुर की जनता परेशान है। साथ ही उन्हें स्वास्थ्य सुविधा नहीं मिल पा रही है। कांग्रेस के पुर्व अध्यक्ष बलराम उपाध्याय ने बताया कि कभी भी स्वास्थ्य केंद्र में डॉक्टर उपस्थित नहीं रहते हैं। ग्रामीण अस्पताल से डॉक्टर के नहीं रहने के कारण बिना इलाज के घर लौट जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि अस्पताल में दवा की भी कोई व्यवस्था नहीं है। सरकार के द्वारा अस्पताल में मुफ्त दवा का वितरण किया जा रहा है, लेकिन किशुनपुर स्वास्थ्य केंद्र में किसी तरह की कोई सुविधा नहीं है। कांग्रेस अध्यक्ष ने बताया कि किशुनपुर स्वास्थ्य केंद्र में डिलेवरी के लिए कोई व्यवस्था नहीं है। अस्पताल में डॉक्टर के नहीं रहने के कारण मेदिनीनगर अस्पताल भेज दिया जाता है, ताकि मरीज की मौत हो जाती है, लेकिन आज तक इस विषय पर कोई भी सरकारी तंत्र या प्रतिनिधि के द्वारा ध्यान नहीं दिया गया। इस कारण किशुनपुर क्षेत्र के लोग उपेक्षित महसूस कर रहे हैं।

## रांची में आयोजित झामुमो की संकल्प यात्रा में पलामू से हजारों कार्यकर्ता हुए शामिल

खबर मन्त्र संवाददाता





**मेदिनीनगर।** रांची में हुए झामुमो की संकल्प सभा में पलामू से भी झामुमो के हजारों कार्यकर्ताओं ने झामुमो के अध्यक्ष राजेंद्र प्रसाद सिन्हा के नेतृत्व में भाग लिया। मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन भी सभा में शामिल थे। झामुमो के सभी कार्यकर्ताओं ने अपने नेता हेमंत सोरेन को न्याय नहीं मिलने तक शांत नहीं बैठने का संकल्प लिया है। राजेंद्र सिन्हा ने कहा कि ना सिर्फ झामुमो के कार्यकर्ता नही बल्कि सभी झारखंडियों के दिलों में दुख दर्द और आक्रोश है। संकल्प सभा में झामुमो के सचिव सन्नू सिद्धिकी, रमेश सिंह, संजीव तिवारी, सुनील तिवारी, चंदन प्रकाश सिन्हा, बालकिशून उरांव, राकेश सिन्हा, कमाल खान, रंजन चंद्रवंशी, अविनाश देव, शाहबाज खान, उमा सिंह, विवेकानंद सिंह, महिला मोर्चा अध्यक्ष सुशीला मिश्रा, सन्नी शुक्ला, रंजीत जयसवाल, विशाल सिन्हा छोटू त्रिपाठी, ललन चौधरी, संजू देवी, सलोनी टोप्पो, शीला कुजूर, मुकेश चौधरी, बबलू चौधरी, देवानंद, फैजल, अरविंद, अरुण कुमार, सुमित सर्राफ, कमरूदीन, नीतीश, उदय भुइयां, लाल बहादुर साहित हजारों कार्यकर्ता शामिल थे।

## स्नातक सेमेस्टर चार की पहले दिन की परीक्षा शांति पूर्ण संपन्न

खबर मन्त्र संवाददाता

**तरहसी पलामू।** स्नातक सत्र 2021/ 2024 सेमेस्टर 4 की वार्षिक परीक्षा सुखदेव सहाय मधेश्वरा सहाय डिग्री महाविद्यालय में शांतिपूर्ण एवं सदाचार मुक्त संपन्न हो गई। केंद्र अधीक्षक प्रभाकर ओझा ने बताया कि विवि के निर्देशानुसार परीक्षा केंद्र पर धारा 144 लागू है। कदाचार मुक्त परीक्षा हेतु सभी आवश्यक कदम उठाए गए हैं। परीक्षा नियंत्रक बजरंगी गुप्ता ने बताया कि महाविद्यालय में मजदूर किसान महाविद्यालय पांकी का परीक्षा केंद्र है, जिसमें 1150



परीक्षार्थी परीक्षा लिख रहे हैं । इस कार्य में महाविद्यालय के तमाम शिक्षक एवं कर्मचारी वीक्षक के रूप में कार्य में लगाए गए हैं। नीलांबर पीतांबर विवि की ओर से डॉ श्रवण कुमार एवं डॉ रवि शंकर कुमार ने परीक्षा केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के पश्चात तमाम व्यवस्था एवं परीक्षा के विधि व्यवस्था पर संतोष व्यक्त किया।

## प्रखंड कार्यालय पाटन में हुई बीस सूत्री की बैठक

खबर मन्त्र संवाददाता



**पाटन पलामू।** पाटन प्रखंड कार्यालय के सभागार मे बीस सूत्री की बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता बीससूत्री अध्यक्ष रामानंद पाण्डे ने की। बैठक में मुख्य रूप से प्रखण्ड विकास पदाधिकारी अमित कुमार झा व अंचल अधिकारी लाल बाबू, प्रखण्ड खाद आपूर्ति पदाधिकारी सखीचंद दास मौजूद थे।

बैठक में अबुआ आवास योजना एवं प्रधानमंत्री आवास योजना पर विशेष चर्चा की गई। साथ ही बीडीओ ने सभी आंगनबाड़ी सेविकाओं को अपने आंगनबाड़ी भवन में संचालित करने का निर्देश दिया। बीडीओ कहा कि वैसे सेविका जिनका आंगनबाड़ी केंद्र बन गया है और वह अपने सेंटर के बजाय अपने घर में चलाते हैं उनकी सूची प्रदान किया जाए एवं संबंधित विभाग के द्वारा कार्रवाई की जाएगी।

साथ ही आने वाले गर्मी के मौसम को देखते प्रखंड मे खराब पड़े चापाकल की सूची की मांग की गई। बैठक में कृषि विभाग के पदाधिकारियों ने बताया कि प्रखंड के किसानों को लगातार फेक कॉल किया जा रहा है और पैसा डालने के नाम पर कई लाभुकों के खाते से पैसा उड़ा दिया जा रहा है।

लगातार इसकी शिकायत मिल रहा है। कृषि विभाग के द्वारा बताया गया कि प्रखण्ड कार्यालय से कोई भी कॉल नहीं किया जाता है और किसी भी प्रकार के ओटीपी शेयर नहीं करें। सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पाटन में रात्रि में डॉक्टर की सुविधा उपलब्ध कराने को लेकर आवाज उठाई गई। पाटन चौक व कुडवा चौक को अतिक्रमण मुक्त करने की मांग की गई। साथ ही रोड निर्माण कार्य कुआ निर्माण कार्य एवं जमीनी विवाद पर लेकर मुद्दे उठाए गए। बैठक में शिक्षा विभाग, बिजली विभाग, पशुपालन विभाग, वन विभाग के पदाधिकारी उपस्थित नहीं थे।

मौके पीएम आवास कोऑर्डिनेटर शिवम जायसवाल, उदय चौधरी, प्रवेज आलम, प्रदीप चन्द्रा, मृत्युंजय सिंह, इतियार अंसारी, कमलेश पांडे, अहमद हुसैन, बीपीओ निर्मल कांत ठाकुर, संतोष कुमार, शैलेंद्र कुमार, डॉ श्रवण कुमार समेत बीस सूत्री सदस्य व प्रखंड कर्मी मौजूद थे।

## पूर्व मध्य रेलवे के अधिकारियों ने जेएनवी-02 जपला के बच्चों को किया सम्मानित

**पीएम द्वारा अमृत भारत रेल परियोजनाओं के अवसर पर प्रतियोगिता का हुआ था आयोजन**

खबर मन्त्र संवाददाता



**हुसैनाबाद पलामू।** गत दिन प्रधानमंत्री और रेल मंत्री भारत सरकार के द्वारा डीडीयू रेल खण्ड के हैदरनगर बाहेरा रेल अंडर पास पुल के ऑन लाईन लोकार्पण समारोह के अवसर पर रेल अधिकारियों ने जवाहर नवोदय विद्यालय 02 जपला के बच्चों द्वारा पेंटिंग गीत एवं निबन्ध लेखन तथा भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया था।

जिसमें जवाहर नवोदय विद्यालय-02 जपला के विभिन्न प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता में विषयवार प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को रेल अधिकारियों ने सम्मानित किया। पुरुस्कार पाने वाले विद्यार्थियों में पेंटिंग आर्ट के प्रतिभावान क्रमशः सोनू कुमार, सूरज कुमार, नीरज कुमार सभी वर्ग आठ, निबन्ध में क्रमशः अभिषेक कुमार, सना आफरीन, अंकुर लकड़ा सभी कक्षा नौ एवं भाषण में क्रमशः प्रियांशू कुमारी कक्षा नौ, मनीता कुमारी कक्षा सात सोनू कुमार शामिल है। शामिल प्रतिभागियों में सफल होने वालों को रेल अधिकारियों ने भरतीय रेलवे द्वारा प्रशस्ति पत्र व वाटर बोटल तथा कॉम्फास बॉक्स देकर सम्मानित किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य अशहर रूमी, पीजीटी बॉयो के शिक्षिका राणा तब्बसुम, शालिनी तिग्गा, टी जी टी लाइब्रेरियन अश्विनी कुमार समेत कई रेल के वरीय अधिकारी तथा स्कूल के छात्र शामिल थे।

स्पीड न्यूज

## लोक सभा चुनाव के निमित शिक्षकों व कर्मियों को दी गयी प्रारंभिक प्रशिक्षण


प्रशिक्षण लेते लोग।

**चंदवा।** चंदवा प्रखण्ड के मध्य विद्यालय चंदवा प्रशाल कक्ष में प्रखण्ड-अंचल कर्मियों, शिक्षकों एवं कर्मियों के बीच आगामी लोक सभा चुनाव 2024 के निमित प्रारम्भिक प्रशिक्षक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर ज्योति कुमार सिंह, अनिल कुमार, शैलेश कुमार सिंह, देवेंद्र कुमार, प्रमोद कुमार सिंह, चन्द्रकिशोर गिरी, अजय प्रसाद व गोपाल प्रसाद ने इलेट्रॉनिक वोटिंग मशीन, वीवी-पैड संचालन व मॉक पोल से सम्बंधित जानकारी साझा करते हुए प्रशिक्षण दिया। मौके पर प्रखण्ड कार्यालय से निर्वाचन नोडल लव कुमार, बीपीआरओ बालेश्वर उरांव अनिल कुमार किशन कुमार संतोष प्रजापति समेत काफी संख्या में शिक्षक और कर्मी मौजूद थे।

## गणेशपुर में माता शबरी पूजा सह भुईयां मिलन समारोह का आयोजन


समारोह में उपस्थित लोग।

**बालूमाथ।** बालूमाथ प्रखंड के गणेशपुर ग्राम में बजरंग मंदिर के प्रांगण में दिन बुधवार को अखिल भारतीय भुईयां समाज कल्याण समिति द्वारा समारोह आयोजित कर माता शबरी सह भुईयां मिलन समारोह का आयोजन किया गया। माता शबरी जयंती पर सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ बड़ी धूमधाम से मनाई गई। समारोह में बतौर मुख्य अतिथि के रूप में लातेहार भुईयां समाज के जिला अध्यक्ष राजेन्द्र भुईयां और विशिष्ट अतिथि के रूप में चँदवा पश्चिम जिला परिसद सदस्य सरोज देवी मौजूद रहे। समारोह का उद्घघाटन अतिथियो ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। वहीं कार्यक्रम में भुईयां समाज के जिलाध्यक्ष राजेन्द्र भुईयां ने कहा कि हम सभी लोग माता शबरी का वंशज है,माता शबरी भक्ति के कारण स्वयं राम भगवान को उनके घर मे आकर जूठा बेर खाना पडा था। वहीं जीप सदस्य ने कही कि अपने बच्चों को शिक्षित करे नशापान से दूर रखें। लातेहार विधानसभा क्षेत्र के भावी प्रत्याशी तुलसी राम ने कहा कि राजनीतिक चर्चा में लोकसभा व विधानसभा के चुनाव में समाज के लोगो को आगे आने की बात कही। इस मौके पर बालूमाथ प्रखण्ड अध्यक्ष बीरेन्द्र भुईयां, जीतन भुईयां, राम कुमार भुईयां, सुबोध भुईयां, सूरज भुईयां, हरिवंश भुईयां, गोपाल भुईयां, रामचरित भुईयां, मालती देवी, सुजीता देवी, गायत्री देवी, अंजू देवी,प्रमिला देवी, गीता देवी, शोभा देवी सहित कई लोग शामिल रहे।

## अज्ञात वाहन के धक्के से लावालौंग के युवक की मौत


मृतक युवक।

**बारियातू।** थाना क्षेत्र के चतरा रांची मुख्यमार्ग स्थित डगबंदी के पास अज्ञात वाहन के धक्के से लावालौंग थाना क्षेत्र के खनगढ़ा निवासी मुकेश कुमार(19) पिता का नाम गोखुल गंझु की मौत हो गई। मिली जानकारी के मुताबिक मुकेश अपने रिस्तेदार के घर गोनिया बीरबल गंझु के घर आया हुआ था। वह मंगलवार शाम को मकईया टांड जाने के लिए भाई के साथ निकला। गोनिया से चलने के बाद डगबंदी मुख्य सड़क के पास शौच करने के लिए बाईक को रोकवाया। बाईक से उतर कर शौच के लिए जा रहा था की नशे मे होने के कारण सड़क पर गिर गया। गिरते ही तेज गति से आ रहे अज्ञात वाहन ने कुचलते हुए फरार हो गया। जिससे मौके पर ही मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही बारियातू थाना प्रभारी राजा दिलावार ने शव को कब्जे मे लेकर पोस्टमार्टम के लिए लातेहार भेज दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव को परिजनों को सौंप दिया। अचानक इस तरह के घटना से परिजनों मे मातम पसर गया है। उक्त सम्बन्ध मे थाना प्रभारी दिलावर ने क्षेत्रवासियो से अपील करते हुए कहा की शराब पीकर बाईक व वाहन न चलाएं आपकी जीवन अनमोल है। हेलमेट पहन कर चले। अज्ञात वाहन के विरुद्ध कांड संख्या 23/2024 मामला दर्ज कर लिया गया है।

## क्षेत्र को अपराध मुक्त रखने के उदेश्य से रात्रि मे थानेदार ने कई स्थानों पर किया औचक निरीक्षण

फोटो:10 निरीक्षण करते थानेदार

बारियातू। थाना क्षेत्र को अपराध नियंत्रण रखने के उदेश्य से थाना प्रभारी राजा दिलावर ने सीसीएल प्रभावित क्षेत्र फूलबसिया अमरवाडीह, बरनी पेट्रोल पम्प, गोनिया, टोंटी हेसला सहित अन्य स्थानों का औचक निरीक्षण किया. उक्त सम्बन्ध मे जानकारी देते हुए थानेदार दिलावर ने कहा की शाम ढलने के बाद अपराध नियंत्रण के लिए पुलिस पुरे क्षेत्र मे औचक निरीक्षण कर होटलों मे अवैध शराब बिक्री पर रोक, रात्रि मे आवागमन करने वाले वाहन और बाईक चालक की गतिविधि पर नजर रखने लिए पुलिसिंग कार्य किया जा रहा है। वहीं कहा की पुरे क्षेत्र को अपराध नियंत्रण रखने के लिए पुलिस हर संभव प्रयासरत हैं।

### बरवाडीह में सरकारी कर्मचारियों को दिया गया ईवीएम सहित चुनाव संचालन का प्रशिक्षण

# निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराना सबों की जिम्मेदारी है : कन्हाई राम

खबर मन्त्र संवाददाता

**बरवाडीह।** लोकसभा चुनाव को पारदर्शिता और निष्पक्षता से संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह अपडेट है। जिला निर्वाचन अधिकारी सह उपायुक्त गरिमा सिंह जिले की कमान संभालते ही चुनाव की तैयारियों में विशेष रूप से जुट गई हैं। इसे लेकर लगातार बैठको का आयोजन कर अधिकारियों को निर्देशित करती हुई भी दिखाई दे रही है। इधर उपायुक्त गरिमा सिंह के निर्देश पर जिले के बरवाडीह प्रखण्ड कार्यालय सभागार में सभी विभागों में


प्रशिक्षण देते मास्टर ट्रेनर कन्हाई राम व अन्य।

पदस्थापित सरकारी कर्मियों को दो दिवसीय ईवीएम का प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण शिविर के आखिरी दिन बुधवार को दो बेच में आठ मास्टर ट्रेनरों के द्वारा 200 से अधिक कर्मियों को ईवीएम के उपयोग और सुरक्षा मानकों की जानकारी दी गई। साथ ही तकनीकी सुरक्षा के साथ- साथ विभिन्न पपत्रों के बारे में विस्तार से बताया गया। मास्टर ट्रेनर कन्हाई राम, पुरुषोत्तम कुमार सिंह, उमेश कुमार सिंह, दिनेश मेहरा, अमिताभ कुमार, नीतीश कुमार सिंह, सेमुएल बारला और मो.अरशद अंसारी के द्वारा ईवीएम एवं वीवीपैट के संचालन एवं क्रियान्वयन की विस्तार से जानकारी दी गई। इसमें कंट्रोल यूनिट, बैलेट यूनिट और वीवीपैट के बारे में सही तरीके से बताया गया। ट्रेनर कन्हाई राम ने कहा कि ईवीएम को लेकर सभी विभागीय कर्मियों को हर तरह की जानकारी से लैस करने के लिए यह प्रशिक्षण दिया जा रहा है, ताकि मतदान के दौरान कर्मी किसी प्रकार की तकनीकी समस्या उत्पन्न होने पर आसानी से निपट सके। कहा कि चुनाव संबंधी ड्यूटी किसी भी व्यक्ति का देश और लोकतंत्र के प्रति सर्वोच्च एवं महत्वपूर्ण कर्तव्य है और निष्पक्ष व शांतिपूर्ण ढंग से चुनाव संपन्न कराना हम सबों की जिम्मेदारी है। जिसे लेकर शिविर में ईवीएम एवं बैलेट बॉक्स रखकर मतदान की सभी प्रकिया बताई गई हैं।

### प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित शिक्षक

प्रशिक्षण शिविर में शिक्षक अनिल कुमार सिंह, कुमार सौरभ, तारकेश्वर यादव, मनिजर सिंह, दिलेश यादव, संजीव कुमार सिंह, चंदन कुमार, धर्मेंद्र कुमार शर्मा, सविता देवी, सरफराज आलम, रजनीकांत शर्मा, अशोक सिंह, सुखविंदर सिंह, विनोद कुमार, कल्याणी वर्मा, चक्रवती ओझा, जयंती कुमारी, जयराम सिंह, बालकेश्वर राम, कामेश्वर सिंह, मनोज कुमार सहाय, सियाराम सिंह, विनोद सिंह, विनोद राम, महबूब आलम, सुरेन्द्र सिंह, शकील खान, अमित कुमार, आलोक कुमार, आरती कुमारी, मंगल पूर्ति, राजकुमार राम, प्रमोद कुमार सिंह, परशुराम सिंह, महेंद्र प्रसाद, रंजीत सिंह समेत सैकड़ो शिक्षक शामिल थे।

## टोरी आरओबी समेत सात सुत्री मांगों को लेकर माकपा ने किया आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन

- एनएच विभाग का पुतला जलाकर आक्रोश जताया

खबर मन्त्र संवाददाता

**चंदवा।** टोरी चंदवा मे आरओबी निर्माण समेत सात सुत्री मांगों को लेकर माकपा कार्यकताओं ने रेलवे क्रॉसिंग के समीप आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन व सभा किया। प्रदर्शन का नेतृत्व जिला सचिव सुरेन्द्र सिंह, अयुब खान ने की। प्रदर्शनककरियों ने आरओबी में विलंब करने वाले एनएच विभाग का पूतला जलाकर आक्रोश जताया। केंद्र सरकार, राज्य सरकार और एनएच विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। आंदोलन कारीयों ने अंचल अधिकारी जय शंकर पाठक और स्टेशन प्रबंधक रंजीत कुमार को प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री, रेल मंत्रालय, रेल मंत्री, रेलवे जीएम, डीआरएम, उपायुक्त के पदनाम ज्ञापन सौंपा जिसमे टोरी चंदवा एनएच 99 न्यु 22 पर फ्लाई ओवरब्रिज निर्माण कार्य जल्द शुरू करने, टोरी जंक्शन पर अंडरब्रिज पास का निर्माण करने, टोरी



आक्रोश जताते लोग।

जंक्शन से संध्या समय 18 से 19 बजे के बीच प्रत्येक दिन टोरी भाया लोहरदगा होते हुए रांची तक एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेन चालू करने, टोरी जंक्शन के पुरब, टोरी-महुआमिलान के बीच रेलवे लाईन पोल संख्या 182/29 व 182/28 के समीप, भंडारगढ़ा से परसाही निकलने वाले 100 साल के पुराने रास्ता पर अंडरब्रिज पास का निर्माण करने, लातेहार जिले की बालूमाथ रेलवे स्टेशन से भाया टोरी जंक्शन-लोहरदगा-रांची तक प्रत्येक दिन सुबह-शाम एक्सप्रेस व पैसेंजर ट्रेन चलाने, टोरी स्टेशन के पश्चिम में शुरू हुए फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य को तेज कर इसे जल्द पुर्ण किया करने, टोरी जंक्शन के पुराने फुट ओवरब्रिज का विस्तार करने की मांग की गई।

प्रदर्शन के दौरान वक्ताओं ने कहा कि टोरी का रेलवे क्रॉसिंग जाम समस्या से चतरा लोकसभा क्षेत्र की जनता काफी प्रभावित हैं लेकिन इस ओर ध्यान नहीं है, एनएच विभाग की उदासीनता के कारण फ्लाई ओवरब्रिज का निर्माण अबतक शुरू नहीं हो पाया है, टोरी जंक्शन के पश्चिम में फुट ओवरब्रिज का निर्माण कार्य कछुआ गति से चल रहा है, इसकी निर्माण कार्य तेजकर इसे जल्द से जल्द पुर्ण हो जाने से छात्र छात्राओं को स्कूल कॉलेज अस्पताल जाने में हो रहे परेशानी की समस्या खत्म हो जाएगी। टोरी जंक्शन में अंडरब्रिज पास नहीं होने से आमजन बुरी तरह प्रभावित हैं, रेलवे क्रॉसिंग से पास होने के लिए कोई वैकल्पिक रास्ता नहीं है इसके कारण दो पहिया वाहन में सवार लोगों को तथा पैदल चलने वालों की जिवन रेलवे क्रॉसिंग पर ठहर जाती है, उनकी जन जिवन भी बुरी तरह प्रभावित है। वक्तओं ने आगे कहा कहा कि मांगों पर तत्काल विचार नहीं हुआ तो आंदोलन को और तेज किया जाएगा। सभा की अध्यक्षता अंचल सचिव बैजनाथ ठाकुर ने किया संचालन रसीद मियां कर रहे थे। मौके पर ललन राम, रवीना देवी, ग्राम प्रधान पचु गंझु, बीरेंन्द्र कुमार, शोभन उरांव, परवेज खान, जसमुद्दीन खान, सोमा एमरोन, अभिराम, नरेस उरांव, महेंद्र गंझू, राजू साव, अनिल गंझु, मंटु गंझु, मनु उरांव, सहजीवन गंझू, गोपी गंझू, मुना गंझू, रमनजान साई चुस्ती, बिनू गंझू, मनु उरांव, पचू गंझू , बसंत साव, सुरेन्द्र गंझू, प्रमोद उरांव, अरूण उरांव, सोभन उरांव, भासु उरांव, बिनिता देवी, मनमीत देवी, अजमेरून बीबी, आशा देवी, बलो देवी, उर्मिला देवी, करमी देवी, कसिरन बीबी, बलराम उरांव, धोधल साव, बेसू उरांव, गुजर गंझू, साजिद, रवि शंकर गंझू, विजय मिस्त्री सहित सैंकड़ों महिला पुरुष शामिल थे।

## चुनाव को लेकर कर्मियों को मिली ईवीएम मशीन की ट्रेनिंग


ट्रेनिंग लेते कर्मी।

**बालूमाथ।** आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर बालूमाथ प्रखंड कार्यालय स्थित सभागार में ईवीएम मशीन की ट्रेनिंग शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें प्रशिक्षक सुरेंद्र कुमार रमेश कुमार मिश्रा पवन कुमार के द्वारा सीसीएल कर्मियों एवं शिक्षकों को वोटिंग मशीन चलाने के बारे में बताया गया प्रत्येक बुथ में मतदान कर्मियों के द्वारा मतदाता को कैसे वोट दिलवाना है इसकी जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षक के द्वारा मतदान करने की प्रक्रिया, मतदान करने दौरान सावधानी, पोलिंग अफसर को कार्य को बारीकी से बताया गया, साथ ही मतदान कर्मियों को मत पत्र के कार्य की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान निष्पक्ष मतदान हेतु सभी आवश्यक प्रक्रियाओं से अवगत कराया गया। जिसमें कुल 140 लोगों को प्रशिक्षण दिया गया। मौके पर बड़ी संख्या में शिक्षक एवं सीसीएल कर्मी उपस्थित थे।

### भाजपा प्रदेश प्रवक्ता ने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से की मांग

## अति पिछड़ा प्रखंड गारू में अविलंब पूर्णकालिक बीडीओ और सीओ की पदस्थापना हो : प्रतुल शाहदेव

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** भाजपा के प्रदेश प्रवक्ता प्रतुल शाहदेव ने एक बयान जारी करके मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से मांग की है कि लातेहार जिले के अत्यंत ही पिछड़े गारू प्रखंड में पूर्णकालिक बीडीओ और सीओ की शीघ्र पदस्थापना हो। प्रतुल ने कहा यह क्षेत्र अति उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र रह चुका है और यहां के लोगों को मुख्य धारा से जोड़ने के लिए विकास योजनाओं के निरंतर चलते रहने की आवश्यकता है। इस प्रखंड में लंबे समय से पूर्णकालिक



जानकारी देते प्रतुल शाहदेव।

बीडीओ और सीओ की पदस्थापना नहीं हुई है और वर्तमान में ये दोनों पद प्रभार में चल रहा है। प्रतुल ने कहा की केंद्र सरकार की आकांक्षी जिला योजना और उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र के लिए विशेष आर्थिक पैकेज को भी इस प्रखंड में इन अधिकारियों की अनुपस्थिति में धरातल पर उतारने में कठिनाई हो रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री चंपई सोरेन से आग्रह किया है कि वह अविलंब उनकी इस मांग की ओर ध्यान दें। प्रतुल ने कहा गारू प्रखंड मूलत आदिवासी बहुल क्षेत्र है और यहां आदिम जनजाति भी बड़ी संख्या में रहते हैं। ऐसे में राज्य सरकार को उनके हित में पूर्णकालिक अधिकारियों की पदस्थापना करनी चाहिए। प्रतुल ने कहा कि हाल में भी बड़े संख्या में बीडीओ और सीओ की पूरे राज्य में पदस्थापना हुई। लेकिन गारू प्रखंड की अनदेखी की गई।

## 50 प्रतिशत कमीशन बढ़ाये जाने पर जविप्र संघ ने जताया आभार

**चंदवा।** जनवितरण प्रणाली के दुकानों के माध्यम से खाद्यान्नों के वितरण में कमीशन बढ़ाये जाने पर डीलरों ने खुशी जाहिर की है। फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन के प्रखंड अध्यक्ष रामकृष्ण मिश्रा ने इसके लिए प्रदेश अध्यक्ष ओंकार नाथ झा के प्रति आभार व्यक्त किया है। कहा है कि उन्हीं के प्रयास से कमीशन वृद्धि का मामला बजट में लाया जा सका। संगठन व डीलरों के मजबूत इरादों का प्रतिफल है कि आज हमें आंशिक रूप से सफलता मिली है। सरकार के साथ वार्ता के दौरान हमारी मांगों में अनुकंपा को पूर्व की तरह बहाल करना और प्रधानमंत्री गरीब कल्याण अन्न योजना के बकाया राशि का भुगतान भी शामिल है। विश्वास है कि इसी बजट सत्र में सरकार इसकी घोषणा कर देगी। कमीशन में 50 प्रतिशत की बढ़ोतरी से राज्य के 25 हजार जनवितरण विक्रेताओं को इसका लाभ मिल सकेगा। बताया कि वर्तमान में एक रुपये प्रति किलो की दर से डीलरों को भुगतान मिल रहा था।

## मोटरसाइकिल से गिरकर युवक गम्भीर रूप से घायल

**बालूमाथ।** एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बरियातू-फुलसु मार्ग पर बुधवार को मोटरसाइकिल से गिरकर एक युवक गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार रवि लोहरा 20 वर्ष पिता फूलदेव लोहरा ग्राम कोठाटांड फुलसु थाना बारियातु निवासी बरियातू बाजार से अपने घर फुलसु जा रहा था। इसी दौरान ठोकर में अनियंत्रित होकर मोटरसाइकिल से गिर पड़ा और गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना के बाद स्थानीय लोगों के द्वारा युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां डॉक्टर संजय सिद्धार्थ के द्वारा प्राथमिक उपचार किया गया।

### विधायक ने सदन में विधानसभा क्षेत्र की कई महत्वपूर्ण सड़कों के निर्माण की रखी मांग

# क्षेत्र के विकास में सड़कों का अहम महत्व है: रामचंद्र सिंह

खबर मन्त्र संवाददाता

**लातेहार।** बुधवार को विधानसभा के कार्रवाई की दूसरी पाली में विधानसभा अध्यक्ष रविंद्र महतो की उपस्थिति में विधायक रामचंद्र सिंह ने मनिका विधानसभा क्षेत्र की महत्वपूर्ण सड़कों के साथ-साथ क्षेत्र की अन्य ज्वलंत समस्याओं को लेकर सदन में सवाल किया। विधायक ने विधानसभा क्षेत्र के मनिका ठल39 -सिंजो-बन्दुआ मोड़-मतनाग-बरवाईया-डोकी-पगार-पंसागन होते हुए कसमार पीडब्ल्यूडी पथ लगभग 25 किमी और सतबरवा प्रखंड के बकोरिया से बरवइया सुरजवन बेतला होते हुए आरसीडी पथ लगभग 20 किमी, मनिका डोकी पसंगन होते हुए ताल सिमाना पथ (बालूमाथ पांकी) 20


रामचंद्र सिंह विधायक।

किमी के साथ महुआडाड के रजडंडा से बेलवाटोली परहाटोली, टूनटोली पारिस होते हुए कापू तक की सड़क जो लातेहार जिले को अन्य दूसरे जिले से जोड़ती है। इन पथ को पथ निर्माण विभाग को हस्तानांतरित करने की मांग की। जिस पर विभागीय मंत्री आलमगीर आलम के द्वारा जवाब देते हुए बताया गया कि चारों पथ ग्रामीण विकास कार्य विभाग के अधीन है, और इन चारों पथ को पथ निर्माण विभाग में हस्तानांतरित करने को लेकर विभाग से अनुरोध किया गया है। जहां उपलब्ध प्रस्ताव के बाद इन सड़कों को पथ निर्माण विभाग से निर्माण कराया जाएगा। वहीं विधायक रामचंद्र सिंह के द्वारा मंत्री आलमगीर आलम को ध्यान आकर्षित करते हुए यह भी कहा गया कि क्षेत्र के विकास में सड़कों का अहम महत्व है, और इस लिहाज से हमारा क्षेत्र पूर्व से नक्सल प्रभावित रहा है। इसलिए इन क्षेत्रों में सड़कों का बनाया जाना अति आवश्यक है। जिसे सरकार गंभीरता से ले और जल्द से जल्द सभी प्रक्रियाओं को पूरा करते हुए सड़कों का निर्माण कार्य पूर्ण कराये। इसके अलावा विधायक ने अति महत्वकांक्षी बरवाडीह मण्डल मार्ग के निर्माण के लेकर भी सदन में आवाज उठाई। उन्होंने कहा कि उक्त सड़क लातेहार जिले को पलामू के साथ- साथ गढ़वा जिले से जोड़ने वाली महत्वपूर्ण सड़क है। इसका नवनिर्माण भी इसी वित्तीय वर्ष कराया जाना आवश्यक हैं।

### अधिग्रहित भूमि का रैयतों को दिया जाए उचित मुआवजा

बता दें कि विधायक ने शून्यकाल के दौरान भारत सरकार द्वारा ठल्र-39 जो झारखण्ड में कुडू से लातेहार, पलामू, गढ़वा जिला होते उत्तर प्रदेश तक जाती है, का 4 लेन विस्तारीकरण कार्य में अधिगृहीत की गई रैयती जमीन का मुआवजा वर्तमान बाजार मूल्य के आधार पर कराने की मांग की हैं।

एक नजर में

## मोदी जी ने विश्व स्तर और युवाओं के लिए किए है सराहनीय कार्य : अजय प्रसाद


युवा चौपाल को संबोधित करते अजय प्रसाद।

**बरवाडीह।** बुधवार को छिपादोहर मण्डल अंतर्गत हरातु पंचायत के मुंडू दुर्गा मण्डप में भारतीय जनता युवा मोर्चा के द्वारा युवा चौपाल का आयोजन भाजयुमो मण्डल अध्यक्ष बृजमोहन सिंह की अध्यक्षता में किया गया। युवा चौपाल में बतौर मुख्य तिथि भाजयुमो जिला मंत्री सह मनिका विधानसभा प्रभारी अजय प्रसाद के साथ-साथ मैन मोर्चा के मंडल अध्यक्ष मुंद्रिका सिंह भी शामिल हुए। जहां जिला मंत्री अजय प्रसाद ने चौपाल में उपस्थित युवाओं को संबोधित करते हुए कहा कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने विश्व स्तर पर युवाओं के लिए बहुत सराहनीय कार्य किए हैं। जिसके कारण युवा वर्ग फिर से उन्हें देश का प्रधान सेवक के रूप में चुनने के लिए तैयार है। उन्होंने केंद्र सरकार द्वारा जनहित में चलाई जा रही कल्याणकारी योजनाओं से भी युवाओं को अवगत कराया। बताया कि भाजपा ही एकमात्र ऐसी पार्टी है जो महिला, किसान, गरीब और युवा सभी के कल्याण के लिए काम करती है। इन काम के बलबूते ही मोदी सरकार तीसरी बार सत्ता में आएगी। अजय प्रसाद ने प्रधानमंत्री मोदी जी के 10 वर्ष के कार्यकाल की उपलब्धियां भी युवाओं के समक्ष रखी। युवा चौपाल में महेंद्र शाह, राजू प्रसाद, सुनील सिंह, मनोज परहिया, रामबालक सिंह, राजेश सिंह और सुरेंद्र सिंह समेत कई भाजपा कार्यकर्ता और युवा उपस्थित थे।

## पुलिस ने बालूभांग मे अभियान चलाकर आठ एकड़ भूमि पर लगा पोस्ता की खेती को किया नष्ट


पोस्ते की खेती को नष्ट करती पुलिस।

**बारियातू।** बालुमाथ पुलिस अनुमंडल पदाधिकारी अशुतोष कुमार सत्यम को मिली गुप्त सूचना के आधार पर मंगलवार को बारियातू पुलिस ने बालुभांग पंचायत के इंदुवा जंगली क्षेत्र में अभियान चला कर लगभग आठ एकड़ भुमि पर लगे लहलहाते अवैध पोस्ते की खेती को नष्ट किया। जानकारी देते हुए थाना प्रभारी राजा दिलावर ने बताया कि लातेहार बालुमाथ अनुमंडल पदाधिकारी को थाना क्षेत्र के बालुभांग पंचायत के विभिन्न क्षेत्र इंदुवा, दुमोहान, श्रीसमाध ग्राम के जंगली क्षेत्र में अफीम माफीयाओं के द्वारा पोस्ता की खेती की गई है। गुप्त सूचना के आधार पर विनिष्टीकरण के लिए थाना स्तर पर एक टीम का गठन किया गया और अभियान चला कर लगभग आठ एकड़ भुमि पर लहलहा रहे अवैध पोस्ता की खेती को ट्रेक्टर के माध्यम से नष्ट किया गया। साथ ही कहा कि खेती किसके द्वारा लगाया गया है और भुमि किसकी है। इसकी जाँच कर खेती करने वालों को चिन्हित किया जा रहा है, चिन्हित करने के पश्चात नियम संगत कड़ी से कड़ी कारवाई की जाएगी। आगे थाना प्रभारी दिलावर ने अवैध पोस्ते कि खेती करने वाले माफियाओं को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि स्वयं अपने खेती को नष्ट करदें। अन्यथा पकड़े जाने पर दंडनीय कारवाई के साथ साथ लंबी अवधि तक जेल में रहना भी पड़ सकता है। इस अभियान में थाना के एएसआई निरज दुबे के अलावा सीआरपीएफ व थाना सशस्त्र बल के जवान शामिल थे।

## बीडीओ की उपस्थिति नहीं होने के कारण, बीस सूत्री कार्यक्रम समिति के सदस्यों ने बैठक का किया बहिष्कार


जानकारी देते बीस सूत्री अध्यक्ष।

**गारू।** प्रखंड बीस सूत्री कार्यक्रम क्रियान्वयन समिति के सदस्यों ने बुधवार को समिति की बैठक का पूर्ण बहिष्कार कर दिया। सदस्यों ने बीस सूत्री समिति की प्रशासनिक उपेक्षा पर अपना गंभीर आक्रोश व्यक्त किया। बहिष्कार का मूल कारण यह था कि महुआडाड़ के बीडीओ प्रभारी अंचलाधिकारी सह प्रभारी प्रखंड विकास पदाधिकारी अमरेन डांग अनुपस्थित थे। जबकि बुधवार को समिति की बैठक पहले से तय थी। समिति के अध्यक्ष कमरुद्दीन खलीफा जानकारी ने दिया है उच्चाधिकारियों के पास एक हस्ताक्षर युक्त ज्ञापन दिया जाएगा। अपना आक्रोश व्यक्त करते हुए लिखा है कि गारू प्रखंड में बीस सूत्री समिति को औचित्य विहीन और महत्वहीन बना दिया गया है। ज्ञापन में बीस सूत्री समिति के सदस्यों ने इस तथ्य का उल्लेख किया है कि समिति की बैठकों में सदस्यों द्वारा उठाए गए प्रश्नों का कभी भी लिखित समाधान या उससे संबंधित जानकारी प्रशासनिक स्तर पर उपलब्ध नहीं कराई गई है। बैठकों में विभिन्न विभागों के बहुत कम सरकारी नुमाइंदें शामिल हो पाते हैं। बीस सूत्री समिति के युवा सदस्य पवन कश्यप का कहना है कि प्रशासनिक व सरकारी तंत्र ने समिति को मजाक बना दिया है। बीस सूत्री अध्यक्ष ने बताया की मार्च 2023 के बाद से अब तक एक भी बैठक नहीं किया गया है। प्रखंड के कार्यालय से एक पत्र प्राप्त हुआ था जिसमे 28 फरवरी को बैठक निर्धारित किया गया था। आज बैठक के दिन 11 बजे सूचना दी गई की अपरिहार्य कारणों से बैठक स्थगित कर दिया गया है। सूचना पहले देना चाहिए था प्रखंड प्रशासन को, लेकिन उन्होंने नहीं दिया। इस सम्बन्ध में बीडीओ अमरेन डांग से दूरभाष में संपर्क करने की कोशिश किया गया, लेकिन कॉल रिसीव नहीं होने के कारण संपर्क नहीं हो पाया।

